



## एक नजर में

### अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस : आनंद ग्राम के संयुक्त परिवार दादा-दादी ने सुनाए अनुभव




**भीकनगाव, निप्र।** (म,प्र )राज्य आनंद संस्थान द्वारा 15 मई 2026 को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आनंद ग्राम पुनासला वि खंड झिरन्या में मनाया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनंद के, बी, मंसारे ने बताया कि जिला प्रशासन व नोडल अधिकारी आर एन शर्मा के निर्देशानुसार पंचायत स्तर पर आम लोगों में परिवार का महत्व तथा संयुक्त परिवार की आज के दौर में आवश्यकता पर संगोष्ठी परिचर्चा का आयोजन किया गया। आपस में स्नेह,एक दूसरे की मदद तथा सामाजिक दायित्व का निर्वहन हेतु तथा जीवन में आनंद और खुशहाली हेतु परिवार के साथ जीवन बहुत जरूरी है। परिवार में समन्वय सुख शांति से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। इस अवसर पर सदासिव दादा पटेल और सुभद्रा बाई ने सफल जीवन में नाती पोते तक साथ रहने के संयुक्त परिवार के आनंदमय पल साझा किए। उनको शाल श्रीफल पुष्प मालाओं से सम्मानित किया गया। आनंद क्लब सदस्यों ने परिवार का महत्व बताया। इस अवसर पर आनंद ग्राम की प्रथम छात्रा डा,करीना पटेल (एम बी बी एस) का स्वागत सरपंच क्रांति बाई दांगेडे के कर कमलों से शील्ड पुष्प मालाओं से स्वागत किया।

### अपराध समीक्षा को लेकर आईजी ने गोगावां थाने का किया निरीक्षण



**गोगावा, निप्र।** गुरुवार शाम पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) अनुराग के द्वारा गोगावा थाने का भी निरीक्षण किया गया जिसमे लंबित अपराध, लंबित शिकायत, लंबित मर्ग, फरार आरोपियों की धरपकड़, जमानत निरस्तीकरण, लघु अधिनियम जिनमे मुख्यत: अवैध गौवंश परिवहन, अवैध फायर आर्म्स तस्करी, अवैध जुआ सट्टे आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई वही आई जी अनुराग ने बंदी गृह के साथ ही थाने के आसपास बाहरी जगहों को भी बारीकी से देख आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक लंबित अपराध एवं ऐसे अपराध जिनमें आरोपियों की गिरफ़्तारी शेष है, इस के बारे में वन टू वन संबंधित एसडीओपी एवं थाना प्रभारी से चर्चा की एवं उनके निराकरण व फरार आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए मार्गदर्शन व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही बेहतर कानून व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा कर बताया की ये हमारा काम है की कानून व्यवस्था कायम रहे आने वाले दिनों में त्योहारों को शांति पूर्वक संपन्न करायेंगे वही स्टाफ के पुलिस कर्मचारियों से भी उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से पूछा एवम निराकरण करने का आश्वासन दिया वही निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल, एसडीओपी राकेश आर्य, थाना प्रभारी दिपक यादव भी मौजूद रहे।

### जीईएम 2026 के लिए 92 बालिकाओं का किया गया पंजीकरण



**खरगोन, निप्र।** सशक्तिकरण एवं सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एनटीपीसी खरगोन में आयोजित एक माह के बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 हेतु 92 बालिकाओं का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया गया। इस अभियान में आसपास के गांवों की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पंजीकरण प्रक्रिया से पूर्व सभी प्रतिभागी बालिकाओं का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया, ताकि आवासीय शिविर के दौरान उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल बालिकाओं के लिए सुरक्षित, सकारात्मक एवं विकासोन्मुख वातावरण उपलब्ध कराने हेतु एनटीपीसी खरगोन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मोहन वी., क्क।। खरगोन ने कहा कि यह अभियान केवल एक शिविर नहीं, बल्कि बालिकाओं को बड़े सपने देखने, आत्मविश्वासी बनने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करने वाला एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, जागरूकता एवं समग्र विकास में निवेश कर एनटीपीसी खरगोन समाज के लिए समावेशी एवं सशक्त भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बालिकाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी तथा अभिभावकों एवं स्थानीय समुदाय के सहयोग ने अभियान के लिए एक सकारात्मक शुरुआत सुनिश्चित की है। यह शिविर सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध होगा।

### आज भाजपा की प्रदर्शनी के साथ होगी दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत

**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग रविवार से राधा रिसोर्ट में होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत होने वाले इस प्रशिक्षण की औपचारिक शुरुआत शनिवार प्रदर्शनी शुभारंभ के साथ होगी। शाम 4 बजे प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, सांसद गजेंद्र पटेल, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, बड़वाह विधायक सचिन बिरला, वर्ग प्रभारी एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे सहित अन्य पदाधिकारी प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक और संगठनात्मक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम साबित होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित की भावना के साथ इस प्रशिक्षण में शामिल होकर वक्ताओं द्वारा दिए जाने वाले मार्गदर्शन को धैर्य के साथ सूने और इसे अपने-अपने क्षेत्र तक पहुंचाए, जिससे जमीनी स्तर तक संगठन के विचार, कार्ययोजना पहुंचे। जिला कार्यालय प्रभारी शालिनी रतोरिया, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल ने बताया पंडित दिनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण निमित्त लगाई गई प्रदर्शनी में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और जिला स्तर पर हुए विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने प्रशिक्षण को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। लगातार बैठकें लेकर व्यवस्थाओं को अंतिम रुप दिया गया। 17 एवं 18 मई को जिला प्रशिक्षण वर्ग पूर्ण रुप से आवासीय होगा।

# जब शहर नींद में था, तब मानवता जाग रही थी

## मध्य रात्रि में 45 किमी सफर कर करवाया नेत्रदान

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** 14 मई को रात्रि लगभग 2:30 बजे, जब पूरा शहर गहरी नींद में था, उसी समय मानवता का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया। ग्राम बालसमूद निवासी चंद्रशेखर जैन की माताजी स्वर्गीय कुसुमबाई जैन के मरणोपरांत उनके पुत्र और परिवारजनों ने नेत्रदान का साहसिक और पुण्य निर्णय लिया।

नेत्रदान की सूचना मिलते ही जिला चिकित्सालय, खरगोन के नेत्र विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मध्यरात्रि में खरगोन से बालसमूद तक 45 किलोमीटर का सफर तय कर नेत्र संकलन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। यह कार्य उस समय हुआ, जब सामान्य जनजीवन विश्राम की अवस्था में था,



लेकिन सेवा और संवेदनशीलता जाग्रत थी। इस सेवा कार्य में समन्वय एवं मार्गदर्शन सीएचएमओ डॉ. डी. एस. चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर सराफ (कसरावद) एवं विजय राठौड़ (कसरावद) द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया।



तकनीकी सेवा में नेत्र सहायक उदय सिंह राठौड़ एवं दीनानाथ गुप्ता, जिला चिकित्सालय खरगोन ने पूर्ण समर्पण भाव से अपनी भूमिका निभाई। यह प्रेरक घटना इस बात का जीवंत उदाहरण है कि नेत्रदान महादान है। एक परिवार का संवेदनशील निर्णय किसी अनजान व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी भर सकता है। जब दुनिया विश्राम कर रही थी, तब यह सेवा टीम मानवता के दीप को जलाने निकल पड़ी—किसी की आंखों में उजाला भरने के लिए।

# अभा विश्वकर्मा युवा मंच करेगा परिचय सम्मेलन, बैठक में लिया निर्णय



**खरगोन।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा युवा मंच की बैठक की गई। इसमें सर्व विश्वकर्मा समाज के युवक - युवती परिचय सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई।

सर्वसम्मति से 23 अगस्त को परिचय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तेजू कर्मा को अखिल भारतीय विश्वकर्मा युवा मंच का अध्यक्ष चुना गया। श्री कर्मा ने बताया कि श्रीराम धर्मशाला बस स्टैंड खरगोन पर 23 अगस्त को परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया जाएगा। इस दौरान बायोडाटा कि पत्रिका प्रयास भी प्रकाशित की जायेगी। बैठक में अभा युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा, प्रेमलाल कर्मा, ओम ठेकेदार भोलाराम कर्मा, भुपेंद्र कर्मा, श्याम कर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, सेवकराम कर्मा, आर्यन विश्वकर्मा, गोपाल कर्मा आदि उपस्थित थे।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का एक और मामला आया सामने

**मंडलेश्वर, निप्र।** जहां सरकारी जमीन दिखे वहाँ अतिक्रमण करना नगर में सामान्य बात हो गई हैं क्योंकि ऐसे अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अगर कोई कार्यवाही करने की हिम्मत दिखाता हैं तो उसे राजनिति चुप करा देती हैं।

सरकारी हॉस्पिटल के आस पास अतिक्रमण पहले भी हो चुका हैं जिसमे विगत एक दो वर्ष पहले एक व्यक्ति ने सरकारी हॉस्पिटल के पूर्व दिशा में पक्का निर्माण कर उधर से हॉस्पिटल का रास्ता ब्लॉक कर दिया था जिसमे भी काफ़ी शिकायत के बाद नगर परिषद की जे सी बी को अतिक्रमण हटाने से रोक दिया गया था वह प्रकरण अभी लोग भूले नहीं थे की सरकारी हॉस्पिटल के दक्षिण में एक निजी भूमि के साइड में निकलने वाले नाले कों ही मूरम मिट्टी डालकर बंद कर वहाँ टीन शेड खड़ा किया जा चुका हैं जिसकी शिकायत वार्ड क्रमांक 01 के निवासी महेश मेवाड़े, राजेन्द्र मेवाड़े, जीतेन्द्र



मेवाड़े, रंजीत मेवाड़े और लद्दाख में पदस्थ (अग्निवीर) सैनिक रोहित मेवाड़े द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पूर्वा मंडलोई कों 29 अप्रैल कों की जा चुकी थी ज़ब शिकायत की गई थी तब अतिक्रमणकर्ता ने नाला रोका था शिकायत के बाद उसने टीन शेड ठोक दिया है।

जिस स्थान पर अतिक्रमण किया गया हैं उस स्थान से शिकायतकर्ताओं के घर का पानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का पानी नगर परिषद की टंकियों के ओवर फ्लो के पानी के साथ ही बारिश का पानी भी निकलता हैं। नाला बंद होने से पानी सड़क पर आने लगा हैं जिससे नागरिकों कों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण करने वाला रवि पिता अम्बाराम भारुड बेखौफ़ हैं क्योंकि उसके समर्थन में एक पार्षद और एक एल्डर मैदान में आ चुके हैं।

# नवीन व्यावसायिक शिक्षा के साथ कार्यानुभव भी मिल रहा

**कसरावद, निप्र।** नवीन व्यावसायिक शिक्षा कोर्स अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय कसरावद में व्यावसायिक कोर्स के आईटी एवं एग्रीकल्चर विषय में सत्र 2025-26 की 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की 1 मई से 31 मई तक 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग ब्लू चिप कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर एवं बायोरे ह्यूमन राइट्स आर्गेनिक कॉटन में कराई जा रही है। जिसका निरीक्षण जिला व्यवसायिक समन्वयक भूतेश हिरवे द्वारा किया गया।

आईटी विषय के छात्र-छात्राओं की ऑन द जॉब ट्रेनिंग ब्लू चिप कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर कसरावद में हो रही है, जिसमें धीरेन्द्र जैन द्वारा कंप्यूटर संबंधित कार्य व ऑनलाइन कामों की जानकारी प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को दी जा रही है एवं कृषि विषय की ट्रेनिंग के तहत छात्र छात्राओं को बायोरे ह्यूमन राइट्स आर्गेनिक कॉटन में विवेक रावल व्दारा कौशल कार्य




सिखाया जा रहा है, जिससे उनके कौशल व कार्यक्षमता में विकास होगा। संस्था प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा, उप प्राचार्य मनोज कुमार जैन की सहमति व लर्ननेट स्किल के राज्य समन्वयक अर्पित शर्मा एवं स्किल रूट के राज्य समन्वयक चंद्रहास सिंह राजपूत एवं जिला व्यावसायिक समन्वयक भूतेष हिरवे के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक रितेश कुमार वर्मा व लोकेश मुवेल द्वारा प्रतिदिन कंप्यूटर सेंटर व बायो रे में छात्र-छात्रों के साथ उपस्थित होकर कम्प्यूटर व कृषि संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य सिखाए जा रहे हैं। उपरोक्त ट्रेनिंग का निरीक्षण संबंधित कंपनी के राज्य समन्वयक एवं जिला शिक्षा अधिकार शैलेंद्र कानूडे व जिला व्यावसायिक समन्वयक भूतेश हिरवे द्वारा समय-समय पर किया जा रहा है।

# डीजल नहीं मिलने से नाराज युवकों ने पंपकर्मियों के साथ की मारपीट



**मंडलेश्वर , निप्र ।** मंडलेश्वर थाना क्षेत्र के इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर बुधवार शाम डीजल न मिलने की बात पर पंपकर्मियों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। युवक पंप कर्मियों पर वाहन से टक्कर मारकर कुचलने का प्रयास भी कर रहे है। इस विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी वायरत हो रहा है।

जानकारी अनुसार मंडलेश्वर-महू जामगेट रोड स्थित सोमखेड़ी पेट्रोल पंप पर यूपी पासिंग काली स्कॉर्पियो में आए तीन युवकों ने गुंडागर्दी करते हुए पंप कर्मी को जान से मारने का प्रयास किया और फिर फरार हो हुए। कार सवार युवकों से सेल्समेन ने डीजल नहीं होने की बात कही, तो स्कॉर्पियो चालक ने न केवल उसे पास बुलाकर थप्पड़ जड़ दिए। इसके बाद गाड़ी से उतरे दूसरे युवक ने भी मारपीट शुरू कर दी। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने स्कॉर्पियो से सेल्समेन को कुचलने का प्रयास किया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पंप कर्मचारियों ने संचालक को सूचना दी और इधर पंप संचालक थाने पहुंचे। घंटों इंतजार के बाद एफआईआर दर्ज की गई।

# एनसीसी ऑफिसर खोड़े को उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्नल ने किया सम्मानित

**खरगोन, निप्र।** 9 एमपी बटालियन इंदौर द्वारा सीएटीसी कैंप 9 एमपी बटालियन इंदौर में आयोजित हुआ। इस कैंप में शहर के उत्कृष्ट स्कूल के 50 एनसीसी कैडेट्स भी शामिल हुए है। शिविर समापन पर एनसीसी अधिकारी मुरली खोड़े को उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्नल एमके तिवारी ने प्रथम पुरस्कार के रुप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

एनसीसी अधिकारी मुरली खोड़े ने बताया 5 से 14 मई तक कैड्ेटस को सैन्य प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कैडेट्स के भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में मील का पत्थर साबित होगा, वहीं पुलिस,




थल, जल और वायू सेना में जाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। इस शिविर में कैडेट्स को राइफल, पिस्टल, मैप रीड़िंग सहित विपरीत परिस्थितियों में युद्ध के मैदान में छिपने, प्राकृतिक आड़ लेने और नक्शे की मदद से दिशा खोजने का अभ्यास भी कराया गया। इस तरह की सख्त सैन्य ट्रेनिंग कैडेटों को न केवल अनुशासित बनाती है, बल्कि उन्हें भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में जाने के लिए योग्य भी बनाती है। सी सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले कैडेट्स को सेना भर्ती में सीधी छूट और लिखित परीक्षा से मुक्ति जैसे विशेष लाभ प्राप्त होते हैं। कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास और अनुशासन भारतीय सेना की पहचान के प्रमुख स्तंभ माना जाता हैं। अंतिम दिन सभी गतिविधियों में बेस्ट कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया, इसमें खरगोन के शुभ्र पंडित को ताल वादन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। 10 एनसीसी अधिकारियों के बीच खोड़े को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया।

**एक नजर में** ▶ स्टाफ की कमी, अव्यवस्थाएं और जिम्मेदारों की उदासीनता से सवालों के घेरे में गोगावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

# एक-दो डॉक्टरो के भरोसे चल रहा 30 बिस्तरों वाला अस्पताल

नवभारत न्यूज

**गोगावा, निप्र।** नगर का 30 बिस्तरों वाला ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं और स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। हालात इतने खराब बताए जा रहे हैं कि पूरा अस्पताल महज एक से दो डॉक्टरों के भरोसे संचालित हो रहा है।

इससे क्षेत्र से आने वाले ग्रामीण मरीजों को समय पर पर्याप्त उपचार नहीं मिल पा रहा, जबकि यह अस्पताल एमसीएच लेवल-2 एवं 24म7 सुविधा वाला केंद्र माना जाता है। सरकार एक ओर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने, मातृ एवं शिशु सुरक्षा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर गोगावां अस्पताल की जमीनी तस्वीर इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल स्वयं 'बीमार' अवस्था में पहुंच चुका है। जानकारी के अनुसार अस्पताल में रात के समय स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। रात्रि ड्यूटी के दौरान स्वीपर तो मौजूद रहते हैं, लेकिन वार्ड बॉय और ड्रेसर अक्सर अनुपस्थित पाए जाते हैं। ऐसे में रात के समय आने वाले मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों एवं प्रसूताओं को भारी परेशानियों का सामना करना



पड़ता है। कई बार मरीजों के परिजनों को ही स्ट्रेचर खींचने से लेकर अन्य व्यवस्थाएं संभालनी पड़ती हैं। मातृत्व वार्ड में गर्मी और मच्छरों का प्रकोप मेटरनिटी वार्ड की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है। भीषण गर्मी के बावजूद वार्ड में व्यवस्था नहीं होने से प्रसूताओं और नवजात शिशुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मच्छरों का बढ़ता प्रकोप संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ा रहा है। मेटरनिटी वार्ड एवं अन्य शौचालयों की स्थिति भी बदहाल बताई जा रही है।

कई शौचालयों के दरवाजे टूटे पड़े हैं, जिसको लेकर मरीजों और परिजनों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अस्पताल में कौन कर्मचारी किस पद पर कार्यरत है और किसकी क्या जिम्मेदारी है, इसकी स्पष्ट जानकारी मरीजों को नहीं मिलती। अधिकांश कर्मचारी ड्रेस कोड में भी नजर नहीं आते, जिससे मरीजों और ग्रामीणों को पहचान करने में परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल में ड्यूटी चार्ट, स्टाफ की उपस्थिति और जिम्मेदारियां सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित हों तो व्यवस्था में पारदर्शिता आ सकती है। लेकिन वर्तमान में स्थिति पूरी तरह अव्यवस्थित दिखाई दे रही है। वही अस्पताल में लंबे समय से स्थायी महिला डॉक्टर जो महत्वपूर्ण पद है खाली हैं। आवश्यकता पड़ने पर उप स्वास्थ्य केंद्रों से डॉक्टर बुलाकर व्यवस्थाएं संभाली जाती हैं। अस्पताल परिसर में लगे स्टाफ सूची बोर्ड पर भले कई नाम दर्ज हों, लेकिन वास्तव में कितने कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं, यह स्पष्ट नहीं हो पाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ब्लॉक स्तर के इतने महत्वपूर्ण अस्पताल के बावजूद जिला स्तर पर हमेशा उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया गया। अस्पताल की समस्याओं को लेकर पूर्व में कई बार शिकायतें एवं समाचार प्रकाशित होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं और स्टाफ व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नहीं हो पाया। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि यदि 30 बिस्तरों वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर्याप्त डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और मूलभूत सुविधाओं के बिना संचालित हो रहा है, तो इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी है? स्वास्थ्य विभाग, अस्पताल प्रबंधन या जिला प्रशासन कौन इस अव्यवस्था के लिए जवाबदेह है। नगरवासियों एवं मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल में तत्काल डॉक्टरों एवं स्टाफ की नियुक्ति की जाए, रात्रिकालीन सेवाओं को व्यवस्थित किया जाए।